# गाड़ी अड्डा में 20 फीट सड़क धंस गई

इन्दौर (नवीन मौर्य)। शहर के गाड़ी अड्डा क्षेत्र में सड़क धंसने से करीब 20 फीट गहरा गड्ढा हो गया, जिससे क्षेत्र में आवागमन प्रभावित हो गया और लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई। शहर में लगातार विभिन्न स्थानों पर सड़क धंसने की घटनाओं के बीच कांग्रेस ने इस मामले को लेकर नगर निगम और प्रशासन के खिलाफ अनोखा विरोध प्रदर्शन किया।



कांग्रेस नेता पिंटू जोशी, वार्ड 62 के प्रत्याशी गौरव शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष विशाल चतुर्वेदी तथा निलेश गोसर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गड्ढे का प्रतीकात्मक %लोकार्पण% महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नाम किया।

करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई शहर की सड़कें जगह जगह धंसने के चलते लगातार नगर निगम को कठघरे में खड़ा किया जा रहा है। शहर की बद से बद्तर होती सड़कों की हालत के कारण जहां शहरवासियों की जान जोखिम में बनी हुई है वहीं इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस द्वारा लगातार प्रदर्शन करते महापौर से सवाल पूछ इन पर के खर्चों को सार्वजनिक करने की मांग की जा रही है। शहर के गोरा कुंड चौराहे पर जलप्रदाय लाइन की टेस्टिंग के दौरान तड़की सड़क के साथ स्मार्ट सिटी क्षेत्र में धंसी सड़क का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि निगम जोन क्रमांक 12 के गाड़ी अड्डा स्थित हरिजन मोहल्ला में सड़क का बड़ा हिस्सा धंसने का हादसा हो गया। यहां सड़क धंसने से 20 फीट का गड्ढा हो गया, जिसमें नीचे से जा रही ड्रेनेज लाइन का पानी तक दिखाई दे रहा है। मामले में निगम जोन क्रमांक 12 के जोनल अधिकारी राहुल सूर्यवंशी का कहना है कि सड़क के नीचे प्राइमरी ड्रेनेज लाइन जा रही है। बारिश से अंदर की मिट्टी खिसकने से सड़क धंसने की आशंका है।



इस दौरान कार्यकर्ताओं ने गड्ढे पर फूलों की माला चढ़ाई और ढोल-नगाड़ों के साथ विरोध दर्ज कराया।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शहर में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार हुआ है, जिसके कारण नई सड़कें भी कुछ समय में धंस रही हैं। उनका कहना था कि लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने विकास कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने नगर निगम से सड़क निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुटी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## बस यूं ही...



शांता पारेख, इन्दौर
9425311944

### उच्च पायदान की नारी

स्त्री को स्पोर्ट्स शुज पहना दो तो वह मैदान मांगती, मैदान मिल जाये तो मैदान की सुरक्षा मांगती, अगर खेलेगी तो भूख खुल के लगेगी, समानता मूल अधिकार है, पर जब मिलता है तभी खुशी मिलती है. स्टूडेंट प्रोटेस्ट मे सब दब तो गया पर राष्ट्रमण्डल खेलो की उपलब्धियाँ शानदार है. घर की देखभाल, खाना बनाना दोयम दर्जे का काम नहीं है, माँ के हाथ का खाने मे जो शुभ भाव मिला रहता है वह पूरे परिवार को पोषण व सुरक्षा दोनों देता है, ये अमूर्त होता पर, होता शक्तिशाली है, ये बात अलग है कि उच्च शिक्षा के लिये बेटा बेटी दूर चले जाते, पर वे उसको मिस तो करतें ही

है, जब पत्नी कभी पूछ ले कि क्या बनाऊ तो वह बोलता माँ जैसी दाल बनादो. बस स्त्रीत्व को ये शब्द महान बना देता है, चाहे जितने बड़े हो जाओ मातापिता से बड़ा शुभचिंतक कोइ भी नहीं होता.एक घर में उरद की दाल कई प्रकार की बनती थी बच्चे पूछते आज कौनसी वाली दादी वाली नानी वाली या सादी मावाली, की मा की दाल इस दाल के नखरे बहुत है. अरहर की दाल में यू पी की सूखी अमिया वाली, सांभर तो है ही. ये नेशनल खिलाड़ी मेडल ले के भी स्वाद की गुलामी तो करतें ही है, पर खेल की कीमत पर नहीं. लक्ष्य प्रथम कोइ भी क्षेत्र हो.

## महंगाई के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस देपालपुर का प्रदर्शन

देपालपुर शक्कर, पेट्रोल-डीजल एवं श्20, बिजली बिल, गैस सिलेंडर सहित बढ़ती महंगाई के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देपालपुर द्वारा चमन चौराहा, देपालपुर पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमे कांग्रेस जन ने सरकार को जगाने के लिए प्रदर्शन कर सरकार से महंगाई कम करके, जनता को राहत देने की मांग की,इस अवसर पर आमजन को शक्कर बाट कर विरोध दर्ज करवाया गया,



इस अवसर पर दुग्ध संघ पूर्व अध्यक्ष मोतिसिंह पटैल, नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष संतोष ठाकुर, पार्षद जितेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत पूर्व सदस्य कृपाराम सोलंकी, जिला कांग्रेस पूर्व महामंत्री मिथलेश जोशी, मंडलम अध्यक्षदव्य आजम खान, देवनारायण चौधरी,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस रामचरण दयाल, कांग्रेस नेता, दिलीप खेर,आदि ने सम्बोधित किया, कार्यक्रम मे,महेन्द्र मकवाना, चन्दन बड़वाया,मुंसी गौड़, सुरेश नागर, अमरसिंह पटैल, मानसिंह नकुम,जितेंद्र बड़वाया,मुकेश चंदेल,निराला डागर,सुमित पटेल, किशोर यादव,इक़बाल मंसूरी, अनिल राठोड़,राजेंद्र सोलंकी, मोहन ठाकुर, विनोद चौधरी, संजय यादव, राजेश पटैल, रतनसिंह सोलंकी, गणेश पटेल, मेहरबानसिंह दांगी, अंतरसिंह चावड़ा, देवीसिंग दायमा, हेमसिंह गेहलोत, रईस मंसूरी, विकास जाधव, मुकेश पर्छय्या, राजू जायसवाल, अशोक कौशिक, मुन्ना जागीरदार, विनोद राठौर,गौतम जादव, नरेन्दसिंह दरबार,सहित आदि कांग्रेस जन उपस्थित होकर महंगाई के खिलाफ जनआवाज़ को बुलंद किया,

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश बड़वाया व आभार नगर कांग्रेस अध्यक्ष मजीद खान ने माना।

## सड़क हादसे में मृत नाबालिक बच्चें के परिवार को 28 लाख रुपये का मुआवजा

इंदौर। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण इन्दौर ने सड़क हादसे में जान गवाने वाले नाबालिक के आश्रित परिवार के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुये करीब 28 लाख रुपये का मुआवजा देने के आदेश बीमा कम्पनी को दिये यह राशि बीमा कम्पनी को 30 दिनों के भीतर जमा करनी होगी।

मामले की जानकारी देते हुये अधिवक्ता राधेश्याम यादव ने बताया की दिनांक 31.10.2024 को मृतक राहुल अपने रिश्तेदार सुरेश के साथ मोटर सायकल पर पीछे बैठकर अमझेरा से जीराबाद जा रहा था जैसे ही वह अमझेरा के आगे भीलट बाबा मन्दिर रोड पर पहुचें तभी जीराबाद तरफ से आ रही मोटर सायकल का चालक अपने वाहन को तेजगति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर लाया और मृतक राहुल की मोटर सायकल में सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससें राहुल तथा सुरेश गम्भीर रुप से घायल हो गये सुरेश की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।

जबकि राहुल गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसके इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। घटना के समय राहुल की आयु 15 वर्ष थी वह पढ़ने लिखने में तथा अन्य कार्य में बहुत कुशल था माननीय न्यायालय ने मृतक का मासिक आय 13,680/- रुपये एवं 40 प्रतिशत भविष्य निधि आंकलन करते हुये कुल 28 लाख रुपये का मुआवजा आदेश किया। मृतक राहुल के परिवारजनों ने अधिवक्ता राधेश्याम यादव के माध्यम से क्लेम प्रतिकर दावा इन्दौर न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

## निष्पक्ष



शुभम दुबे
स्तंभकार और राजनीतिक विश्लेषक

### मंत्री जी मीठा नहीं खाते.....




मध्य प्रदेश शासन के वरिष्ठ और कद्दावर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का चीनी के बढ़ते दामों पर यह अजीबोगरीब तर्क देना कि ÷लोग मीठा कम खाते हैं और इससे बीमारियां बढ़ती हैं, न केवल एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि की संवेदनशीलता के अभाव को दर्शाता है, बल्कि बढ़ती महंगाई जैसे गंभीर और आम जनता से जुड़े मुद्दे पर प्रशासनिक नाकामी को छिपाने का एक बचकाना प्रयास भी है।

राजनीति में इस प्रकार के बयान उस पुरानी कहावत को चरितार्थ करते हैं जहां समस्याओं का सामना करने के बजाय उनसे मुंह मोड़ लिया जाता है। बात केवल चीनी की कीमतों में उछाल की नहीं है, बल्कि यह संकट उस गहरी आर्थिक खाई का प्रतीक है जहां लगातार आसमान छूती महंगाई और घटती हुई आमदनी के बीच आम आदमी की रोजमर्रा की जिंदगी पिसती जा रही है।

जब जनता के प्रतिनिधि इस प्रकार के गैर-गंभीर और सतही तर्क देते हैं, तो यह सीधे तौर पर जनता के दर्द के प्रति उनकी संवेदनहीनता को उजागर करता है।

महंगाई पर नियंत्रण पाना और आम आदमी के जीवन को सुगम बनाना किसी भी चुनी हुई सरकार का संवैधानिक और नैतिक दायित्व होता है, जिसे व्यक्तिगत आहार या खान-पान की प्राथमिकताओं से जोड़कर टाला नहीं जा सकता।

यदि कोई मंत्री यह कहता है कि वह या उनके साथी नेता मीठा नहीं खाते, तो यह व्यक्तिगत पसंद का विषय हो सकता है, लेकिन यह करोड़ों देशवासियों की उस थाली की वास्तविकता को नहीं बदल सकता जो बढ़ती कीमतों के कारण अपनी बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लिए संघर्ष कर रही है। जब जनता महंगाई के बोझ से कराह रही हो, तब शासन के शीर्ष पदों पर बैठे जिम्मेदार लोगों से हल्के-फुल्के बयानों की नहीं, बल्कि ठोस नीतियों, पारदर्शी नियंत्रण और जवाबदेही की उम्मीद की जाती है। लोकतंत्र में इस तरह की बयानबाजी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने के समान है, क्योंकि राजनेताओं का यह दायित्व है कि वे आम जनता के आर्थिक संकट को समझें और समाधान निकालें, न कि अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ते हुए जनता की समस्याओं का उपहास उड़ाएं।

## आज रक्षाबंधन, खजराना गणेश को अर्पित होगी 40 इंच की 'सनातन राखी'



इंदौर। रक्षाबंधन के अवसर पर इंदौर में तैयार की गई 40म40 इंच की भव्य 'सनातन राखी' आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मल्हारगंज क्षेत्र में राखी को देखने के लिए लोगों की कतार लगी। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक मालिनी गौड़, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता सहित प्रमुख बाजारों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में शहरवासी भी भगवान खजराना गणेश के लिए तैयार की गई इस विशेष राखी को देखने पहुंचे।

मातुश्री पालरेचा परिवार द्वारा पिछले 24 वर्षों से निभाई जा रही इस परंपरा में इस वर्ष राष्ट्रभाव को प्रमुखता दी गई है। राखी की थीम 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष और धार की भोजशाला से जुड़ी मां वाग्देवी की प्रतिमा की पुनर्स्थापना के संकल्प पर केंद्रित है।

खजराना गणेश के साथ बाबा महाकाल को भी अर्पित होगी राखी यह विशेष राखी आज 28 अगस्त को सुबह 8 बजे श्री खजराना गणेश मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद भगवान गणेश को अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही उज्जैन के बाबा महाकाल, अलिजा सरकार, बड़ा गणपति, चिंतामन गणेश और छोटे गणपति को भी राखी समर्पित की जाएगी। खजराना गणेश मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट और पुनीत भट्ट, सतपाल महाराज के निर्देशन में राखी अर्पित करेंगे। इस अवसर पर शांतु पुण्डरीक पालरेचा, नानेश पालरेचा, शैलेन्द्र गुप्ता सहित परिवारजन मौजूद रहेंगे।

## ट्रेनों में यात्रियों को पैर रखने तक की जगह नहीं, फिर भी सुनने वाला कोई नहीं!

इंदौर, जीतू पटेल। रक्षाबंधन के त्योहार के बीच महू-भीलवाड़ा और भीलवाड़ा-महू के बीच संचालित ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ ने रेलवे व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थिति यह है कि कई ट्रेनों में यात्रियों को पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है। त्योहार के दौरान महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यात्रियों का कहना है कि इस रेल मार्ग पर ट्रेनों की संख्या सीमित है, जबकि प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या लगातार अधिक रहती है। सामान्य दिनों में भी ट्रेनों में भीड़ रहती है और त्योहारों के समय हालात और गंभीर हो जाते हैं।



कई बार स्थिति इतनी विकट हो जाती है कि यात्रियों को बैठने की जगह तो दूर, खड़े होने के लिए भी पर्याप्त स्थान नहीं मिलता। कुछ यात्री चलती ट्रेन में गेट के पास लगे पाइप पकड़कर सफर करने को मजबूर दिखाई देते हैं। ऐसे में दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

अप-डाउन करने वाले यात्रियों का कहना है कि बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों को इस तरह भीड़ में सफर करते देखकर बेहद चिंता होती है, लेकिन सीमित ट्रेनों के कारण लोगों के पास यात्रा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहता।

यात्रियों की एक और बड़ी समस्या यह है कि यदि शाम की कोई ट्रेन छूट जाए तो कई बार अगली ट्रेन के लिए रातभर इंतजार करना पड़ता है। यात्रियों का कहना है कि इस रूट पर शाम के समय भी पर्याप्त ट्रेनें उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि किसी यात्री की ट्रेन छूटने पर उसे रातभर परेशान न होना पड़े।

रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहार पर यात्रियों को उम्मीद थी कि पश्चिम रेलवे अतिरिक्त कोच अथवा विशेष ट्रेनों की व्यवस्था कर राहत देगा, लेकिन यात्रियों के मुताबिक उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हुईं।

यात्रियों ने रेलवे से मांग की है कि महूङ्कभीलवाड़ा मार्ग पर अतिरिक्त कोच लगाए जाएं, अतिरिक्त ट्रेनें संचालित की जाएं और यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए बेहतर व्यवस्था की जाए।

### नेपाल में भी हो गया हादसा



..16-17 जून 2013 में बदरीनाथ-केदारनाथ में भी अलखनंदा में अचानक तेजगति से पानी बढ़ने से भारी जान-मॉल की क्षति हुई थी. तब करीब 4400 से 5700 तक लोग मारे गए या लापता हो गए थे. 26 अगस्त 2026 को उसी तरह का हादसा नेपाल के रसुवा जिले में अचानक आये जलप्रलय से हो गया. जहाँ 1500 से अधिक लोग लापता हैं और 273 से अधिक जान गवां चुके। भारी जान-माल का नुकसान तो हुआ ही है किन्तु अभी भी दुखद आंकड़े और अधिक बढ़ सकते हैं. जिनमें अनेक भारतीय भी हैं जो कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जा रहे थे. भारत ने हर तरह से राहत सामग्री की मदद आरम्भ कर दी है. चीन और अमेरिका भी मदद के लिए तैयार हैं. वर्ल्ड बैंक ने भी नेपाल को 25 अरब नेपाली करेंसी के बराबर रूपये देने की पेशकश की है

**शकुंतला महेश नेनावा, 57, गिरधर नगर (तिलक नगर के पास), इंदौर (म.प्र.)... फोन... 0731-4046326.**

## नहीं रहे मालगंज के वीर हनुमान मंदिर के आनंदगुरु

इंदौर - मालगंज चौराहा - वीर हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी आनंदगुरु जी ज़ आस्था का दीप बुझा आनंदगुरु जी को श्रद्धांजलि देने पहुँचे सैकड़ों भक्त वीर अलीजा सरकार धाम पर अंतिम यात्रा को बीच में विश्राम करवाकर पीठादेश्वर पावनानंद जी ब्रह्मचारी महाराज द्वारा आनंदगुरु के अंतिम दर्शन किये एवं उन्हें आशीर्वाद दिया।



हनुमान भक्ति में लीन, भक्तों को सत्कर्मों से जोड़ने वाले आनंदगुरु की आत्मा को प्रभु अपने श्रीचरणों में स्थान देवे । इस अवसर पर भक्त मंडली एवं परिवार की ओर से अश्रुपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। भक्तमंडल वीर हनुमान मंदिर, मालगंज चौराहा, इंदौर

### कार्टून कोना




### अंतिम पत्र



पेट्रोल पर निर्भरता कम करने के लीये पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट

टिप्पणी

जनता ट्रस्ट, समस्या का हल नहीं । पेट्रोल भी मिलावटी और चीनी उत्पादन में इथेनॉल के उपयोग के कारण चीनी भी महंगी !

**आशिक़ हुसैन देवास वाला इंदौर**